तीन बाण धारी मेरे खाटू वाले श्याम

तीन बाण धारी मेरे खाटू वाले श्याम,
स्वर्ग से भी प्यारा मेरे बाबा तेरा धाम,
मुझको खाटू वाले तेरे दर पे आना है,
मेरे प्यारे बाबा तेरा दर्शन पाना है......

जग का ठुकराया मैं बाबा आया तेरे द्वारे, आया तेरे द्वारे,
हाथ पकड़ के पार लगादे हारे के सहारे, हारे के सहारे,
इतनी सी बस चाह मेरी, तुझे अपना बनाना है......

ओ मेरे सवारियां, अब तो सुन लो बात हमारी, सुन लो बात हमारी,
सबकी तू सुनता है कब आएगी मेरी बारी,
तेरे रंग में बाबा मुझको तो रंग जाना है,
मुझको खाटू वाले तेरा दर्शन पाना है.......

तेरे चरणों की धूलि को मस्तक पे लगाऊं, मस्तक पे लगाऊं,
सुबह शाम तेरी करूँ मैं सेवा, ऐसा ही वर पाऊ, ऐसा ही वर पाऊ,
संजीव के संग में बाबा तुझको भजन सुनाना है,
मुझको खाटू वाले तेरा दर्शन पाना है......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/30355/title/teen-baan-dhari-mere-khatu-wale-shyam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |